भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4262** जिसका उत्तर

गुरूवार, **18 जुलाई**, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है

बराक नदी में राष्ट्रीय जलमार्ग

4262. डॉ॰ राजदीप रायः

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम की बराक नदी के राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या असम के उक्त 60 कि.मी. जलमार्ग के अधीन करीमगंज, बदरपुर, सिल्चर और लखीमपुर में चार लघु पत्तन प्रस्तावित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क): राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत बराक नदी को राष्ट्रीय जलमार्ग-16 (रा.ज.-16) के रूप में घोषित किए जाने के पश्चात् 2017-18 के दौरान भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा भांगा और सिल्चर के बीच विकासात्मक कार्य शुरू किए गए हैं। इनमें नौचालनात्मक सहायता, ड्रेजिंग रखरखाव तथा बदरपुर और करीमगंज पर टर्मिनलों का उन्नयन शामिल है। राष्ट्रीय जलमार्ग-16 सीमित अवसंरचनात्मक सुविधा सहित प्रचालनरत है।

(ख): राष्ट्रीय जलमार्ग-16 पर, करीमगंज और बदरपुर पर मौजूदा अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनलों के उन्नयन के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। बदरपुर और भांगा के बीच टर्मिनल के लिए एक उपयुक्त स्थान को अंतिम रूप देने तथा उसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को तैयार करने के लिए आईडब्ल्यूएआई द्वारा एक परामर्शदाता को नियुक्त किया गया है।

*****